कार्यालय नायब तहसीलदार रुपनगढ,जिला–अजमेर

मुकदमा नं0 56 /2022

किस्म मुकदमा अन्तर्गत धारा 91
राज. भू राजस्व अधि0 1956

सरकार जरिये प0ह0 रोडावास

बनाम

हीरालाल पुत्र श्रवण रेगर सा0देह

दिनांक 15/11/2022

निर्णय

पत्रावली पेश हुई। प्रकरण संक्षिप्त में इस प्रकार से है कि ग्राम रोडावास के आराजी खसरा नं0 743/604 किस्म गे0मु0 चारागाह रकबा 2.5400 है0 में से रकबा 0.242 है0 पर बाड लगाकर अप्रार्थी ने कब्जा कर लिया गया है। जिसकी रिपोर्ट पटवारी हल्का की प्राप्त होने पर मामला अन्तर्गत 91 राज.भू–राजस्व अधिनियम 1956 के तहत प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को नोटिस से तलब किया गया। गैरसायलान अनुपस्थित हुए। पटवारी हल्का की जांच रिपोर्ट अनुसार अतिक्रमण होना साबित होता है ।

अतः आदेश दिये जाते है कि गैरसायल को ग्राम रोडावास के आराजी खसरा नं0 743/604 किस्म गे0मु0 चारागाह रकबा 2.5400 है0 में से रकबा 0.242 है0 पर बाड लगाकर किये गये अनाधिकृत कब्जा से बेदखल किया जाता है तथा लगान 0.06 रूपये का 50.गुणा 03.00 रूपये जुर्माना किया जाता है तथा अप्रार्थी को विवादग्रस्त आराजी से भौतिक रुप से बेदखल करने के आदेश दिये जाते है।

पटवारी/टी.आर.ए. मांग कायमी कर वसूली करे तथा विवादित भूमि पर से अप्रार्थी को भौतिक रुप से बेदखल कर कब्जा लेकर रिपोर्ट पेश करें।

आदेश मेरे द्वारा लिखवाया जाकर संरे इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो ।

नायब तहसीलदार
तहसील रुपनगढ (अजमेर)

नायब तहसीलदार
रुपनगढ(अजमेर)

कार्यालय नायब तहसीलदार रुपनगढ (अजमेर)

वर्ष 2022-23 रा.ले.सं. 4 के पृष्ठ संख्या 31 पर क्र. 31 की मांग कायमी की गई। 18/11/22
तहसील राजस्व लेखाकार

Scanned by CamScanner